गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा

coe@ggtu.ac.in

क्रमांक :–एफ( )गोगुजवि/बांस/परीक्षा/2024/1126 दिनांकः 28.11.2024

प्रति,

समस्त प्राचार्य
राजकीय एवं निजी महाविद्यालय
बांसवाड़ा, डूँगरपुर एवं प्रतापगढ़।

विषयः– शैक्षणिक सत्र 2024–25 में स्नातक प्रथम व तृतीय सेमेस्टर एवं स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध के प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के निर्धारित पाठ्यक्रम समय पर पूरा करवाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश।

महोदय,

उपर्युक्त विषय अंतर्गत लेख है कि

1. शैक्षणिक सत्र 2024–25 में स्नातक (बीए, बीएससी, बी.कॉम, बीसीए) प्रथम व तृतीय सेमेस्टर एवं स्नातकोत्तर (एमए, एमएससी, एम.कॉम) के प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 03 जनवरी 2025 से प्रारम्भ होना प्रस्तावित हैं।
2. NEP Framework अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के निर्धारित प्रथम व तृतीय सेमेस्टर (दिसम्बर 2024) का निर्धारित पाठ्यक्रम **दिनांक 20 दिसम्बर 2024 तक** पूरा करवाया जाना सुनिश्चित करावें। निर्धारित शिक्षण/अध्यापन कालांश न्यून होने पर अथवा किन्ही भी कारणों से पाठ्यक्रम पूरा न होने की स्थिति में महाविद्यालय नियमानुसार अतिरिक्त कक्षाएं आयोजित करवा कर समस्त पाठ्यक्रम निर्धारित तिथि तक पूर्ण करावें।
3. परीक्षा पूर्व टर्म टेस्ट अनिवार्यतः आयोजित करवा कर परीक्षार्थियों के प्राप्तांक का रिकॉर्ड संधारित कर पूर्व प्रेषित पत्र 1081 दिनांक 18.11.2024 अनुसार इन्टरनल अंक निर्धारित तिथियों में अपलोड करवाए जाने सुनिश्चित करावें। **निर्धारित तिथि तक मार्क्स अपलोड न होने की स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा जारी पत्रांक 561 दिनांक 20.10.2023 अनुसार अधिभार आरोपित करने की कार्रवाई की जाएगी।**
4. इन्टरनल टर्म टेस्ट का समस्त रिकॉर्ड संधारण टेस्ट आयोजित तिथि से न्यूनतम एक वर्ष तक अनिवार्यतः सुरक्षित रखा जाए एवं विश्वविद्यालय द्वारा चाहे जाने पर प्रस्तुत किया जाए।

यह आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

कुलसचिव
कुलसचिव
गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय,
बाँसवाड़ा (राज.)

क्रमांक :–एफ( )गोगुजवि/बांस/परीक्षा/2024/1127 दिनांकः 28.11.2024

प्रतिलिपि :–

1. नियन्त्रक (वित्त), गोगुजवि, बाँसवाड़ा।
2. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय को भेजकर लेख है कि उक्त आदेश की पालना सुनिश्चित करावें।
3. नोडल वेबसाईट, गोगुजवि, बाँसवाड़ा। ....वेबसाईट अपलोड हेतु
4. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय, गोगुजवि, बाँसवाड़ा।
5. रक्षित पत्रावली।

परीक्षा नियन्त्रक
परीक्षा नियन्त्रक
गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय
बांसवाड़ा (राज.)